ग्राम पंचायत भावा पहुंची संकल्प यात्रा, कैंप में कार्ड, चेक व पोषण किट का किया वितरण

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर का जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

राजसमंद। ग्राम पंचायत भावा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में किसान को कार्ड वितरण करते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

राजसमंद (प्रात:काल संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत भावा में संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। डे नोडल अधिकारी तहसीलदार कुंवारिया शंकरलाल शर्मा ने बताया कि भावा शिविर में सरपंच साहिबा कंकुदेवी गुर्जर ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि ग ण के चेक एवं महिला को पोषण किट वितरण किए। शिविर के मुख्य अतिथि राजसमंद विकास अधिकारी संगीता व्यास ने समस्त विभागीय काउंटरों का अवलोकन कर दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही कृषि विभाग की ओर से नैनो फर्टिलाइजर के उपयोग के ड्रोन प्रेजेंटेशन को देखा। उन्होंने कार्मिकों को केंद्र सरकार की व्यक्तिगत लाभ की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतनने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। शिविर में राजीविका की महिलाओं द्वारा नुक्कड़ नाटिका धरती करे पुकार का मंचन कर आम जन को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर में योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन तैयार कराए गए। स्थानीय बालक शिवम माली और भारती माली ने मेवाड़ और स्वतंत्रता आंदोलन से जुडे मार्मिक प्रसंगों पर गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक जवाहर जाट, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरोतम कुमार दाधीच, पूर्व प्रधान भानु पालीवाल, उप प्रधान सुरेश कुमावत, प्रोग्रामर सीमी कंसल, भाग्यश्री टांक, हेमलता, सुमन आमेटा, वार्ड पंच शंकरलाल गुर्जर, ऑपरेटर जसीम चुड़ीगर, ग्राम विकास अधिकारी हुक्मीचन्द सालवी, संतोष सेन सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

चित्तौड़गढ़ । केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों को लाभान्वित करने के लिए चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को भदेसर की ग्राम पंचायत पीपल वास और लेसवा, बड़ी सादड़ी की ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुरा और रतीजी का खेड़ा, चित्तौड़गढ़ की ग्राम पंचायत उदपुरा और अभयपुरा, कपासन की ग्राम पंचायत दोवनी, भैंसरोड़गढ़ की ग्राम पंचायत जावदा और बस्सी एवं डूंगला की ग्राम पंचायत भाटोली गुजरान और नाड़ाखेड़ा में शिविर आयोजित हुए।। शिविरों में स्थानीय विद्यार्थियों और आमजन द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन के पहुँचने पर उसका ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में विभागवार काउंटर लगाये गये है, जहां योजनाओं के पात्र नागरिकों का हाथों-हाथ पंजीकरण कर लाभान्वित किया जा रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में आए लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा ड्रोन से यूरिया छिड़काव का प्रदर्शन भी किया गया। शिविरों में स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा धरती कहे पुकार के की थीम पर आधारित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। शिविरों में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। इसके अलावा विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाली महिलाओं, विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई गई।

कपासन । पंचायत समिति कपासन के ग्राम पंचायत मुख्यालय दोवनी में शनिवार को संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन भाजपा मण्डल के अध्यक्ष शंभूलाल जाट, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा भंवरसिंह चौहान,विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता सुरेशचन्द्र शर्मा,भेरूशंकर शर्मा, सुरेन्द्रसिह राठौड विकास अधिकारी सुरेश गिरी गोस्वामी, तहसीलदार जगदीश बामनिया, विधुत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता एसके सिंह के आतिथ्य एवं सरपंच विमलादेवी जैन की अध्यक्षता में हुआ। सहायक प्रशासनिक अधिकारी कैलाशचन्द्र गर्ग ने शिविर का संचालन करते हुए देशी भाषा में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। नायब तहसीलदार राधाकिशन विजयवर्गीय ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की सूची का प्रचार प्रसार के लिए पटवारी को पाबंद करते हुए केवाईसी कराने की प्रक्रिया एवं आवश्यकता समझाई। सीबीईओ डा. रामसिंह चुण्डावत ने शैक्षिक अनुसंधान पर जानकारी दी। राजीविका की महिलाओं द्वारा समुह की गतिविधियों पर आधारित नाटक का मंचन किया। चिकित्सा विभाग की ओर से आयुष्मान भारत योजना, क्षय निवारण का पंजीयन किया गया। नेक्सामित्र हिना नाज एएनएम द्वारा दो क्षय रोगियों को गोद लिया। शिविर में पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया । इस अवसर पर कलस्टर इंचार्ज राजीविका आशा धाकड़, एलआरपी राजीविका शोभालाल जाट कनिष्ठ सहायक अनिता विजयवर्गीय, महिला पर्यवेक्षक उमा शर्मा, सहायक कृषि अधिकारी महेश परिहार, ग्राम विकास अधिकारी राहुल व्यास, डे-नोडल आफिसर लोकेश कुमार चण्डालिया सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे।

मंडफिया । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भदेसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी योजनाओं एंव राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने अंतिम पंक्ति के पात्र अभ्यर्थियों को शत- प्रतिशत लाभान्वित करने का संकल्प दोहराया। प्रदेश अध्यक्ष जोशी का भदेसर पहुंचने पर ग्राम वासियों ने भैरव मंदिर बस स्टैंड पर बैंड वादन के साथ स्वागत किया। तत्पश्चात वे सीधे शिविर आयोजन स्थल श्री माणिक्य लाल वर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे जहां सरपंच रतन कंवर की अगुवाई में अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह को प्रदेश संयोजक श्रवण सिंह राव, जिलाध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट, मंडल अध्यक्ष राजकुमार सुखवाल, उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर ने संबोधित किया। इस मौके पर भदेसर तहसीलदार गुणवंत लाल माली, विकास अधिकारी सुनील कुमार जोशी, सांवरिया जी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, भादसोड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह चौहान, हर्षवर्धन सिंह रूद, पूर्व जिला अध्यक्ष रतन लाल गाडरी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष गोटू लाल सुथार, यात्रा संयोजक शिरीष त्रिपाठी, नरेंद्र पोखरना, मंडल उपाध्यक्ष हरीश सामरिया, भेरूलाल गाडरी, मंडल यात्रा संयोजक दिनेश चंद्र धाकड़, सह–संयोजक मुकेश राव, पवन तिवारी, वरिष्ठ नागरिक बंशीलाल बसेर, हरक लाल बसेर, भूपेंद्र खटीक, नटवर सोनी मंचासीन रहे। प्रदेश अध्यक्ष जोशी का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत नोडल प्रधानाचार्य शंभूलाल शर्मा ने किया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने चिकित्सा विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया

शिविर में उत्कृष्ट कार्य के लिए सीएमएचओ की पीठ थपथपाई

खेरवाड़ा (प्रात:काल संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के गोगुंदा क्षेत्र के मोरवल पंचायत कैम्प में निरीक्षण पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने चिकित्सा विभाग में जारी योजनाओं की जानकारियां ली। सीएमएचओ डॉ बामनिया ने स्वयं योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिले में चल रही केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की जानकारियां दी। जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने की अच्छी प्रगति और अन्य योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य देख मंत्री ने सीएमएचओ डॉ बामनिया की पीठ थपथपाई और प्रशंसा की। प्रधानमंत्री की आयुष्मान कार्ड योजना पर विशेष ध्यान देने के लिए भी कहा। कैम्प में उपस्थित चिकित्सा विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलकर बात की और निरंतर अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

खेरवाड़ा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल शिविर का निरीक्षण करते। - धरणेन्द्र जैन

कुएं में गिरने से युवक की मौत

डूंगरपुर (प्रासं)। कुआं थाना क्षेत्र के मालाखेड़ा गांव में पैर फिसलने से कुएं में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिया। मालाखेड़ा गांव निवासी शंकर रोत ने रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा कल्पेश रोत घर से कुछ दूर बकरियों को चराने गया था। रास्ते में लौटते समय उसका पैर गया पास ही बिना मुंडेर के कुएं में जा गिरा। उसकी आवाज सुनकर आस-पास खेतो में काम कर रहे लोग दौड़ कर पहुंचे।

संसदीय क्षेत्र में दो मंत्री बनाये जाने पर जताया हर्ष

चित्तौड़गढ़ (प्रात:काल संवाददाता)। राजस्थान सरकार के मंत्रिमंडल गठन में लोकसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ से प्रतापगढ़ विधायक हेमंत मीणा को कैबिनेट मंत्री और बड़ीसादड़ी विधायक गौतम दक को राज्यमंत्री मंडल में सम्मिलित किए जाने पर भाजपा द्वारा कलेक्ट्री चौराहा पर भव्य आतिशबाजी कर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा का आभार व्यक्त करते हुए सभी ने विश्वास जताया कि मंत्रिमंडल में स्थान मिलने पर दोनो मंत्री मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकास के विजन को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जोशी के कुशल नेतृत्व में पूरा कर संसदीय क्षेत्र और प्रदेश में विकास की नई योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों को मूर्त रूप प्रदान करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट, श्रवण सिंह राव, रघु शर्मा, कमलेश पुरोहित, विनोद चपलोत, सुधीर जैन, रणजीत सिंह भाटी, हरीश ईनानी, मनोज पारीक, नरेंद्र पोखरना, अनंत समदानी, सिंपल वैष्णव, मुकेश गुर्जर, सुरेश गाडरी, रमेश सुथार, सुनील मेनारिया, राजमल सुखवाल, गोपाल राजोरा, गोटू लाल सुथार, शिव प्रकाश मंत्री आदि उपस्थित थे।

कलेक्ट्रेट चौराहे पर हर्ष जताते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

दिलावर को केबिनेट मंत्री बनाने पर हर्ष

राजस्थान सरकार में मदन दिलावर को केबिनेट मंत्री बनाये जाने पर अखिल भारतीय खटीक समाज जिला शाखा द्वारा हर्ष जताया गया। समाज के जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल खटीक के नेतृत्व में मनीष खटीक, कालूराम खटीक, सुरेश खोईवाल, बसंती लाल, गणेश खटीक, प्रकाश खींची, विनोद बोरीवाल, संजय चावला, मनीष चावला, गजेंद्र खटीक, जॉनी, सुशील, कैलाश, देव सिंधी, संजू शर्मा, ललित खटीक, श्याम चावला, राजीव अमेरिया, कुणाल चावला, हेमंत, विनोद चावला, ट्विंकल, कैलाश धोबी, चंद्रप्रकाश, सुनील उपाध्याय आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए भव्य आतिशबाजी की।

स्क्रैप से खरीदी टेबल की ड्राअर से निकले 500 के पुराने नोटों की नगदी

चित्तौड़गढ़ (प्रात:काल संवाददाता)। शहर के सदर थाना क्षेत्र में प्रतापनगर क्षेत्र में नई दुकान खोलने के लिये स्क्रैप से खरीदी गई टेबल की ड्रॉअर में बंद हो चुके 86 हजार रूपये के 500 नोटों की गड्डी मिलने का मामला सामने आया है।

यह काउंटर टेबल बैंक की है, जिसे बैंक मैनेजमेंट ने कुछ महीने पहले स्क्रैप शॉप को बेचा था। दुकानदार ने समझदारी दिखाते हुए तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नोटों को जब्त किया।

मामला चित्तौड़गढ़ के सदर थाना इलाके का शुक्रवार रात करीब 8 बजे का है। दुकानदार ने थाने में रिपोर्ट दी है। छीपा मोहल्ला निवासी मोहम्मद शरीफ रिजवी ने बताया कि प्रताप नगर में उसके पुत्र अब्दुल कादिर नई दुकान खोलने वाला है, जिसका 9 जनवरी को उद्घाटन है, इससे पहले साफ-सफाई और फर्नीचर का काम पूरा किया जा रहा था। किसी रिश्तेदार ने बताया था कि ओछड़ी में पिंटू कबाड़ी की स्क्रैप की शॉप है, जहां केनरा बैंक की मीरा नगर ब्रांच की ओर से ऑक्शन में फर्नीचर बेचा गया था। हम उसी स्क्रैप शॉप से 3 हजार रूपए में काउंटर के लिए टेबल लेकर आए थे।

बताया जा रहा है कि बैंक के फर्नीचर को पिंटू कबाड़ी ने लगभग 23 हजार रूपए में खरीदा था। इस ऑक्शन को करीब 4-5 महीने हो गए। फर्नीचर में कुछ रिपेयरिंग का काम होना था। उसके कुछ ड्रॉअर भी जाम थे। मोहम्मद शरीफ रिजवी ने बताया कि कारपेंटर ने शुक्रवार रात को जैसे ही काम शुरू किया। टेबल की सबसे नीचे वाली ड्रॉअर के बैक साइड में एक पुराना खांचा दिखा। उसमें बंद हो चुके 500 के 172 नोट थे।

मोहम्मद शरीफ रिजवी ने तुरंत 112 नंबर डायल कर पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की एक टीम प्रताप नगर स्थित उनकी दुकान पर पहुंची। उन्होंने नोट देखकर इसकी जानकारी सदर थाना अधिकारी भवानी सिंह राजावत को दी। थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम दुकान पर पहुंची और रूपयों को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने इसका चालान भी बनाया। पुलिस ने मोहम्मद शरीफ रिजवी के नाम से चालान बनाया कि उन्हें 86 हजार रूपए मिले।

कृषि विभाग ने ड्रोन का प्रदर्शन कर किसानों दी जानकारी

छोटीसादड़ी। उपखंड क्षेत्र की बसेडा ग्राम पंचायत में शनिवार को कृषि विभाग द्वारा राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों के समक्ष ड्रोन का प्रदर्शन कर उपस्थित किसानों को ड्रोन का उपयोग एवं सब्सिडी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

ICICI Home Finance | **कॉरपोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय: पहली मंजिल, जी.के. टॉवर, प्लॉट नंबर 14, सार्दुल कॉलोनी, अंबेडकर सर्कल, बीकानेर-334001
शाखा कार्यालय: दूसरी मंजिल, राजवंश निसान बिल्डिंग, पटेल स्टेडियम, बजरंग पेट्रोल पंप के पास सामने, जयपुर रोड, अजमेर- 305001
शाखा कार्यालय: प्लॉट नंबर 1, पहली मंजिल, सहयोग भवन, एरोड्रम सर्कल, कोटा- 324007
शाखा कार्यालय: पहली मंजिल, दुकान नंबर 91-92, न्यू क्लॉथ मार्केट, श्री गंगानगर, राजस्थान- 335001
शाखा कार्यालय: एस-32, जेडीए मार्केट, गोपालपुरा, मानसरोवर लिंक रोड, रिधि सिद्धि स्वीट्स के पास, जयपुर-302018
शाखा कार्यालय: तीसरी मंजिल, कमल टॉवर, ओल्ड कोर्ट हॉस्पिटल के सामने, नागौर, राजस्थान- 341001
शाखा कार्यालय: पहली मंजिल, दुकान नंबर- 46 से 49, लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, एम.आई. रोड, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001
शाखा कार्यालय: पहली मंजिल, जी.के. टॉवर, प्लॉट नंबर 14, सार्दुल कॉलोनी, अंबेडकर सर्कल, बीकानेर-334001

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।
इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्ज़ा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	सुरक्षित परिसंपत्ति (संपत्तियों) का विवरण जिसमें ज्ञात संपत्ति हो, कोई हो।	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)		(एफ)	(जी)
1.	रामस्वरूप बिश्नोई (उधारकर्ता) सरस्वती (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता नं. NHNOK00001278440 और NHNOK00001278324	पट्टा नंबर 3363 ख नंबर 599 नया रोही बीकासर नोखा- 334803	रु. 26,83,724/- 15 दिसंबर 2023	रु. 41,07,367/-	रु. 410,740/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
2.	कमल राज झारोटिया (उधारकर्ता) रजनी देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHAJM00001356098	पट्टा संख्या 83 ग्राम अराई पंचायत अराई पंचायत समिती अजमेर अजमेर ना अजमेर राजस्थान-305811	रु. 4,51,176/- 15 दिसंबर 2023	रु. 5,71,244/-	रु. 57,130/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
3.	विकास छाबड़ा (उधारकर्ता) गरिमा छाबड़ा (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHKOT00001355964 एवं LHKOT00001355965	बी 102 खसरा नंबर 175 (भाग) गांव बोरखंडी तह लाडपुरा में स्थित है ना कोटा-324001	रु. 11,05,261/- 15 दिसंबर 2023	रु. 8,81, 817/-	रु. 88,190/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
4.	धर्मेन्द्र सिंह शोटा (उधारकर्ता) जसविंदर कौर शोटा (गारंटर) ऋण खाता संख्या LHPDM00001295700 और LHPDM00001295699	अहाता नंबर 24 चक-1 जेजे, ग्राम पंचायत जलोकी पदमपुर- 335041	रु. 19,51,563/- 15 दिसंबर 2023	रु. 20,05,560/-	रु.2,00,560/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
5.	प्रकाश नारायण झा (उधारकर्ता)अमिता कुमारी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHYKA00000823850	फ्लैट नंबर 409, जीएच-6 रतलिया डिग्गी रोड जयपुर जयपुर-302001	रु. 11,36,139/- 15 दिसंबर 2023	रु. 8,26,613/-	रु. 82,670/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
6.	स्नेहलता (उधारकर्ता) कुलदीप चंदेल (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHKOT00001375416	देवनारायण एकीकृत आवास योजना ना कोटा राजस्थान-324010	रु. 12,71,568/- 15 दिसंबर 2023	रु.11,21,460/-	रु.1,12,150/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
7.	अल्लाह बगस शेखा (उधारकर्ता) राईसा बेगम (सह-उधारकर्ता) ए गफ्फर (सह-उधारकर्ता 2) अब्दुल सलाम (सह-उधारकर्ता 3) सलमा (सह-उधारकर्ता 4) सलमा (गारंटर) ऋण खाता संख्या NHMRC00000816602 और NHMRC00000826868 और LHMRC00001293834	वार्ड नंबर 17 व्यापारियों का मौहल्ला प्लॉट नंबर 15 मेड़ता सिटी- 341510	रु. 30,54,841/- 15 दिसंबर 2023	रु.18,73,507/-	रु. 1,87,360/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
8.	बाल मुकुंद तोषनीवाल (उधारकर्ता) रीता गुप्ता (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHKOT00001337648 और LHKOT00001337466	116 एलआईजी खसरा नं. 151 ग्राम कुन्हाड़ी ना कोटा-324001	रु. 11,02,335/- 15 दिसंबर 2023	रु. 8,68,531/-	रु. 86,860/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
9.	रामजी लाल बैरवा (उधारकर्ता) गोपाली देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHJDC00001348125 और LHJDC00001348422	921 प्लॉट खसरा नंबर 107 से 110 व 112 रामसिंहपुरा सांगानेर ना जयपुर-303902	रु. 5,21,706/- 15 दिसंबर 2023	रु.11,84,172/-	रु. 1,18,420/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
10.	मोहम्मद सलीम (उधारकर्ता) बेबी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता नं. LHBKR00001365793 एवं LHBKR00001365794	पट्टा नंबर 02, वार्ड नंबर 01, गांव-झुझना, तहसीलमुंडवा, जिला-नागौर, राजस्थान 341001	रु. 17,16,138/- 15 दिसंबर 2023	रु.11,47,912/-	रु. 1,14,800/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
11.	सुशील कुमार (उधारकर्ता) मंजू (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता नं. LHGAN00001312883 और LHGAN00001312884 और LHGAN00001353964	मालिक सुशील कुमार वार्ड नंबर 16 पिन कोड 335524 रावतसर- 335524	रु. 29,35,429/- 15 दिसंबर 2023	रु.32,37, 817/-	रु. 3,23,790/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
12.	अमरजीत सिंह जोरा (उधारकर्ता) परमजीत कौर (सह-उधारकर्ता) अनिता रानी (सह-उधारकर्ता 2) तारज सिंह (सह-उधारकर्ता 3) ऋण खाता संख्या LHGAN00001353961	प्लॉट नंबर 52 सेक्टर नंबर 9/3 हनुमानगढ़ जंक्शन पर रो हाउस हनुमानगढ़ राजस्थान-335-512	रु. 33,68,575/- 15 दिसंबर 2023	रु.52,48,800/-	रु. 5,24,880/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
13.	मदन लाल (उधारकर्ता) नारायणी देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHGAN00001372026 और LHGAN00001372027 और LHGAN00001372028	ना पट्टा नंबर 32 ग्राम डुंगरबास ना भादरा-335501	रु. 19,55,393/- 15 दिसंबर 2023	रु.20,56,838/-	रु. 2,05,690/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
14.	मोहम्मद अंजार सलमानी (उधारकर्ता) शाहीन खातून (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता नं. LHJA100001368022 एवं LHJAI0001367122	ए 512 टावर ए शुभ आंगन पुष्प पदम वाटिका विल वाटिका ना जयपुर-303905	रु. 10,62,893/- 15 दिसंबर 2023	रु. 8,21,037/-	रु. 82,110/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
15.	विजय कुमार अग्रवाल (उधारकर्ता) निशा अग्रवाल (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता नं. LHGAN00001276635 एवं LHGAN00001276636	पट्टा सं. 1035, और पट्टा सं. 0.2046 चक 3ई छोटी, मुरब्बा सं. 0.18/19, किला सं. 23 (गली संख्या 4, शिव कॉलोनी), तहसील और जिला श्रीगंगानगर राजस्थान)	रु. 47,21,648/- 15 दिसंबर 2023	रु.28,59,780/-	रु. 2,85,980/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
16.	जय राम चौधरी (उधारकर्ता) गोपाल लाल चौधरी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHKIS00000817921 एवं NHKIS00000826075	सांवतसर मदनगंज किशनगढ किशनगढ राजस्थान-305801	रु. 3,39,364/- 15 दिसंबर 2023	रु.13,28,400/-	रु. 1,32,840/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
17.	नथ मल नाई (उधारकर्ता) मोनिका देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHBKR00001333724	पट्टा नंबर 4164 प्लॉट नंबर 11, खसरा नंबर 585 बीकासर जय भवानी नगर नोखा जिला बीकानेर नोखा-334803	रु. 5,79,553/- 15 दिसंबर 2023	रु. 9,80,100/	रु. 98,010/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
18.	मनोज सोनी (उधारकर्ता) वर्षा देवी सोनी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता नं. NHGAN00001266482 एवं NHGAN00001266481	पट्टा संख्या-6687 (5/10/2017) किला सं. 24 वर्ग संख्या 40/42 चक 3 ई छोटी गली नं. 03 100 फीट रोड श्रीगंगानगर- 335001	रु. 45,78,614/- 15 दिसंबर 2023	रु.56,45,350/-	रु. 5,64,540/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
19.	पुखराज (उधारकर्ता) मनभरी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता नंबर LHJA100001271635	फ्लैट नंबर 18 पार्ट ए पार्ट बी पर रेजीडेंसी टावर एफ प्रथम तल जयपुर-303902 जयपुर राजस्थान- 303902	रु. 5,86,214/- 15 दिसंबर 2023	रु. 3,86,249/-	रु. 38,630/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल थकबाकी रकम का **18 जनवरी, 2024** को **शाम 05.00** तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।
प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशी जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, जी.के टावर, प्लॉट नंबर 14, सार्दुल कॉलोनी, अंबेडकर सर्कल, बीकानेर- 334001** तहत **दि. 18 जनवरी, 2024** को **शाम 04.00** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, जी.के टावर, प्लॉट नंबर 14, सार्दुल कॉलोनी, अंबेडकर सर्कल, बीकानेर- 334001** तहत **दि. 18 जनवरी, 2024** को **शाम. 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** - निलामी के नाम से **नोखा, अजमेर, कोटा, पदमपुर, जयपुर, मेड़ता, नागौर, रावतसर, हनुमानगढ, भादरा, किशनगढ, श्रीगंगानगर, बीकानेर** तहत पेश करें। जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्ते एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क्र. 022-69974300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 01 जनवरी 2024
स्थान : राजस्थान

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड